# सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्रमांक/अकादमिक/सम्मिलन/2026/ 311 दिनांक :– 10-02-2026

**–:: अधिसूचना ::–**

विश्वविद्यालय का 30 वाँ दीक्षान्त समारोह दिनांक 19 मार्च, 2026 को सम्पन्न होना निश्चित हुआ है। इस समारोह में वर्ष 2025 के पीएच.डी./डी.लिट. उपाधि धारकों (01 जनवरी, 2025 से 31 दिसम्बर, 2025) को उपाधि, तथा वर्ष 2025 की स्नातक परीक्षाओं की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त अभ्यर्थियों को केवल स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेंगे। वर्ष 2025 की स्नातकोत्तर परीक्षाओं की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त अभ्यर्थियों को उपाधियाँ एवं विश्वविद्यालय द्वारा घोषित स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेंगे।

सभी पात्र अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे दीक्षान्त समारोह में पंजीकृत होकर अपनी उपाधि/पदक प्राप्त करें। विद्यार्थी एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से पंजीयन शुल्क रू. 500/– के साथ पंजीकरण करावें। पीएच.डी./डी.लिट उपाधि धारक पंजीयन शुल्क के अतिरिक्त उपाधि शुल्क रू. 800/– जमा करायें। पंजीयन की अंतिम तिथि दिनांक 12 मार्च, 2026 है।

दीक्षान्त समारोह से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु दूरभाष क्रमांक 8435112273, 9425094167 से संपर्क कर सकते है।

**नोट :–01. पात्र अभ्यर्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।**

**आदेशानुसार**

**डॉ. अनिल कुमार शर्मा,**
**कुलसचिव,**
**सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय,उज्जैन**

**क्रमांक/अकादमिक/सम्मिलन/2026/** 312 **दिनांक :–** 10-02-2026

**प्रतिलिपि :–**

01. राज्यपाल के उपसचिव, राजभवन, भोपाल।
02. अपर मुख्य सचिव म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय, के निज सहायक, भोपाल।
03. आयुक्त म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निज सहायक, सतपुडा भवन, भोपाल।
04. प्राचार्य/विभागाध्यक्ष/समस्त अधिकारीगण/समस्त महाविद्यालय/अध्ययनशाला, सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, कृपया उक्त अधिसूचना को अपने सूचना पटल पर चस्पा करवाने का कष्ट करें।
05. प्रभारी ऑनलाईन, कम्प्यूटर सेंटर, सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है। उक्त अधिसूचना को वेबसाईट पर अपलोड करवाने का कष्ट करें।
06. सम्पादक/प्रतिनिधि महोदय, दैनिक.................................... की ओर प्रेषित कर निवेदन है कि, उक्त अधिसूचना को छात्र हित में दृष्टिगत रखते हुए अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में समाचार वृत्त के रुप में निःशुल्क प्रसारित करने का कष्ट करें।
07. कुलगुरुजी/कुलसचिवजी के निजी सहायक, सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन।

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

**श्री चेनराम पंवार,**
**सहायक कुलसचिव(अकादमिक),**
**सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय,उज्जैन**